देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंकः 300 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
कई झटके लगे



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 12 मार्च 2024



मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 11.0° | 73502.64 | **2** बाइडन को माफी मांगनी चाहिए | **7** चौका मारकर मैच जिता गए कमिंस

# देश भर में लागू हुआ सीएए

## केंद्र ने जारी की अधिसूचना, तीन मुल्कों के छह प्रवासी समुदायों को मिलेगी नागरिकता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियम लागू हो गए हैं। केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। इसके लिए पोर्टल भी तैयार कर लिया गया है, जिसके जरिए गैर मुस्लिम प्रवासी समुदाय के लोग नागरिकता पाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है।

कुछ दिन पहले ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के नियमों को तैयार करने के लिए लोकसभा में अधीनस्थ कानून पर संसदीय समिति की तरफ से एक और विस्तार मिला था। पहले के सेवा विस्तार की अवधि नौ जनवरी को खत्म हो गई थी। सीएए के नियम तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय को सातवीं बार विस्तार प्रदान किया गया था। इससे पहले राज्यसभा से भी गृह मंत्रालय को उक्त विषय पर नियम बनाने व लागू कराने के लिए 6 महीने का विस्तार मिला था।

नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति मिल गई थी। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी।

सीएए, किसी व्यक्ति को खुद नागरिकता नहीं देता है। इसके जरिए पात्र व्यक्ति, आवेदन करने के योग्य बनता है। यह कानून उन लोगों पर लागू होगा, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत आए थे। इसमें प्रवासियों को वह अवधि साबित करनी होगी कि वे इतने समय में भारत में रह चुके हैं। उन्हें यह भी साबित करना होगा कि वे अपने देशों से धार्मिक उत्पीड़न की वजह से भारत आए हैं। वे लोग उन भाषाओं को बोलते हैं, जो संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं। उन्हें नागरिक कानून 1955 की तीसरी सूची की अनिवार्यताओं को भी पूरा करना होगा। इसके बाद ही प्रवासी आवेदन के पात्र होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा था कि सीएए का कार्यान्वयन कोई नहीं रोक सकता, क्योंकि यह देश का कानून है।

### ममता बनर्जी ने सरकार को दिखाए तेवर

पश्चिम बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने सीएए को लेकर मोदी सरकार के नोटिफिकेशन को लेकर बयान दिया है। ममता ने कहा कि पहले मुझे नियम देखने दीजिए। अगर लोगों के लिए यह नियम उनके अधिकारों का हनन करेगा तो हम लड़ेंगे। ममता बनर्जी ने कहा कि ष्पहले मुझे नियमों को देखने दीजिए।




### इन्हें मिलेगी भारतीय राष्ट्रीयता

सीएए नियमों के तहत ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन मांगे जाएंगे। इस प्रक्रिया का काम पूरा हो चुका है। नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के तहत भारत के तीन मुस्लिम पड़ोसी देश, जिनमें पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान शामिल हैं, से आए गैर मुस्लिम प्रवासी लोगों के लिए भारत की नागरिकता लेने के नियम आसान हो जाएंगे। इन छह समुदायों में हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी, शामिल हैं।

### कांग्रेस की प्रतिक्रिया

सीएए को लेकर कांग्रेस की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि मोदी सरकार जानबूझकर चुनाव से पहले सीएए लेकर आई है। उन्होंने ट्वीट किया, दिसंबर 2019 में संसद द्वारा पारित नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों को अधिसूचित करने में मोदी सरकार को चार साल और तीन महीने लग गए। प्रधानमंत्री दावा करते हैं कि उनकी सरकार बिल्कुल प्रोफेशनल ढंग से और समयबद्ध तरीके से काम करती है। सीएए के नियमों को अधिसूचित करने में लिया गया इतना समय प्रधानमंत्री के सफेद झूठ की एक और झलक है।

## संक्षिप्त समाचार

### एचटी लाइन के संपर्क में आने से बस में लगी आग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां बस में लगी आग के बाद अभी तक पांच शव बाहर निकाले गए हैं। कई लोग झुलस गए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर चीख–पुकार मची है। हादसे का शिकार हुई बस बरातियों से भरी बताई जा रही है। कुल 38 बराती बस में सवार थे।

### केजरीवाल को माफीनामा लिखने का टाइम

**संवाददाता** नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दायर मानहानि केस में ट्रायल पर स्टे को सुप्रीम कोर्ट ने एक बार बढ़ा दिया है। शिकायतकर्ता की ओर से यह कहे जाने पर कि वह आम आदमी पार्टी के प्रमुख की तरफ से सार्वजनिक माफी मांगने पर विचार करने को तैयार है, कोर्ट ने दो महीने के लिए स्टे को बढ़ा दिया। मामले की अगली सुनवाई 13 मई को शुरू होने वाले सप्ताह में होगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिए एसबीआई को 24 घंटे, फटकार लगाई

## चुनावी बॉन्ड की जानकारी मुहैया कराने को सीबीआई ने मांगे तीन महीने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चुनावी बॉन्ड मामले पर सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई को राहत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि एसबीआई कल तक ही जानकारी दे और 15 मार्च तक चुनाव आयोग उस जानकारी को सार्वजनिक करे। एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने के समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने की मांग की थी। एसबीआई की तरफ से सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे पेश हुए। साल्वे ने कोर्ट को बताया कि सर्वोच्च अदालत के आदेश के बाद एसबीआई ने नए इलेक्टोरल बॉन्ड्स जारी करने पर रोक लगा दी है, लेकिन समस्या ये है कि जो इलेक्टोरल बॉन्ड जारी हुए हैं उस पूरी प्रक्रिया को पलटना होगा और इसमें समय लगेगा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई की दलील मानने से इनकार कर दिया और कल तक ही जानकारी देने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आप (एसबीआई) कह रहे हैं कि दानदाताओं और राजनीतिक पार्टियों की जानकारी सील कवर के साथ एसबीआई की मुंबई स्थित मुख्य शाखा में है। मैचिंग प्रक्रिया में समय लगेगा, लेकिन हमने आपको मैचिंग करने के लिए कहा ही नहीं था और हमने सिर्फ स्पष्ट डिस्कलोजर मांगा था। मामले पर सुनवाई कर रही संविधान पीठ के सदस्य जस्टिस खन्ना ने एसबीआई के वकील हरीश साल्वे से कहा कि आपने बताया कि इलेक्टोरल बॉन्ड की पूरी जानकारी एक सील कवर लिफाफे में रखी गई है तो ऐसे में आपको सिर्फ सील कवर खोलकर जानकारी देनी है।

### एसबीआई की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई की याचिका खारिज कर दी। साथ ही कहा कि आदेश के पालन के लिए एसबीआई चेयरमैन और एमडी हलफनामा दायर करें। हम एसबीआई के नोटिस में ये बात लाना चाहते हैं कि कोर्ट के आदेश का जानबूझकर उल्लंघन करने और तय समय में निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए बैंक के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जा सकती है।

# अग्नि–5 मिसाइल का परीक्षण सफल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने आज मिशन दिव्यास्त्र का परीक्षण किया है। मिशन दिव्यास्त्र के सफल परीक्षण को लेकर च्ड मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री–एंट्री व्हीकल तकनीक के साथ स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि –5 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण मिशन दिव्यास्त्र के लिए हमारे डीआरडीओ वैज्ञानिकों पर गर्व है।

भारत सरकार के सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत ने मिशन दिव्यास्त्र का परीक्षण किया गया है। मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री–एंट्री व्हीकल तकनीक के साथ स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि –5 मिसाइल का यह पहला उड़ान परीक्षण था। इस परीक्षण से यह सुनिश्चित होगा कि एक ही मिसाइल विभिन्न स्थानों पर कई युद्ध प्रमुखों को तैनात कर सकती है। परियोजना निदेशक एक महिला है और इसमें महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

अग्नि 5 मिसाइल अग्नि सीरीज की 5000 किलोमीटर से अधिक की मारक क्षमता वाली सबसे लंबी दूरी की मिसाइल है। अग्नि 5 मिसाइल देश की दीर्घकालिक सुरक्षा जरूरतों को देखते हुए विकसित किया गया है। इस मिसाइल को पहली बार साल 2007 में योजना बनाई गई थी।

### सफलता

■मिशन दिव्यास्त्र के लिए पीएम मोदी ने डीआरडीओ को दी बधाई

### क्या है एमआईआरवी तकनीक

मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री–एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) उस तकनीक को कहते है जिसमें किसी मिसाइल में एक ही बार में एक से ज्यादा परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता होती है। जिससे आप दुश्मन के अलग–अलग लक्ष्यों को भेदा जा सकता है।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# सीएम हेल्पलाइन का मकसद जनता को सहूलियत पहुंचाना

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में सी.एम हेल्पलाईन 1905 की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान विभिन्न शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी एवं सीएम हेल्पलाईन के संबंध में फीडबैक लिया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी

### मुख्यमंत्री ने की सीएम हेल्पलाईन 1905 की समीक्षा

सीएम हेल्पलाइन 1905 में आने वाली शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता से लें। साथ ही सीएम हेल्पलाइन 1905 को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर कार्य हो। उन्होंने कहा सीएम हेल्पलाइन का मकसद जनता को सहूलियत पहुंचाना है। शिकायत का समाधान न होने पर संबंधित विभाग व अधिकारी उसका अनवरत रूप से फॉलोअप करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दीर्घकालीन टेक्निकल समस्याओं को लंबित रखने की आदत छोड़, समस्याओं के शीघ्र समाधान पर कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी प्रत्येक स्तर पर नियमित रुप से सीएम हेल्पलाइन 1905 के संबंध में बैठके लें।

## न्यूज डायरी



### गाजा में रमजान के महीने में युद्धविराम की कोशिशे तेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काहिरा। गाजा में रमजान के महीने में युद्धविराम के लिए मध्यस्थ एक बार फिर संभावना तलाश रहे हैं और हमास से बात कर रहे हैं। यह जानकारी इजरायल ने दी है। इस सिलसिले में इजरायली खुफिया संगठन मोसाद के प्रमुख डेविड बर्निया ने अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआइए के निदेशक विलियम बर्न्स से मुलाकात की है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गाजा में की गई सैन्य कार्रवाई में अब तक कम–से–कम 13 हजार आतंकवादी मारे गए हैं। फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि इजरायल की कार्रवाई में अब तक लगभग 31 हजार लोग मारे जा चुके हैं। इजरायली प्रधानमंत्री के कार्यालय के अनुसार इजरायल युद्धविराम के लिए मध्यस्थों का पूरा सहयोग कर रहा है। समझौते के लिए असहमतियों को बिंदुवार सुलझाया जा रहा है। हमास के सूत्रों के अनुसार युद्धविराम पर वार्ता के लिए संगठन इस सप्ताह के अंत में अपना प्रतिनिधिमंडल काहिरा भेजेगा। इजरायल अपने 130 बंधक नागरिकों की रिहाई के लिए अस्थायी युद्धविराम पर तैयार है। इन बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल में लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। विदित हो कि नवंबर 2023 में हुए एक सप्ताह के युद्धविराम में हमास ने 105 इजरायली बंधक रिहा किए थे।

### होनोलूलू शहर में एक ही परिवार के पांच लोग मृत मिले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** होनोलूलू। होनोलूलू शहर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। एक ही परिवार के पांच लोग घर में मृत पाए गए हैं। पुलिस ने रविवार को कहा कि वे मनोआ घर में तीन बच्चों सहित एक परिवार की हत्या–आत्महत्या की जांच कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट दीना थोएम्स ने दोपहर एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि पुलिस सबसे पहले सुबह 8:30 बजे घर पर पहुंची, लेकिन जब किसी ने दरवाजा नहीं खोला तो वह चली गई। उन्होंने बताया कि शुरुआती कॉल एक अज्ञात व्यक्ति की थी और पुलिस के पास घर में प्रवेश करने का कोई कारण नहीं था। थोएम्स ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पति ने अपनी पत्नी और बच्चों पर जानलेवा हमला किया। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने खुद को चाकू मारा है तो उन्होंने कहा कि पति की मौत के कारण की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रविवार सुबह घर में बहस हुई थी। चीफ जो लोगान ने कहा कि ये पांच मौतें 2 नवंबर 1999 को जेरॉक्स हत्याओं के बाद राज्य की सबसे खराब सामूहिक हत्याओं में से एक हैं, जिसमें ब्रायन कोजी उयेसुगी ने अपने पर्यवेक्षक सहित सात सहकर्मियों को गोली मार दी थी।

### मेघन ने कहा कि ऑनलाइन दुर्व्यहवार ने किया परेशान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन के शाही परिवार की बहू ने गर्भावस्था के दौरान खराब बर्ताव का सामना करने की बात कही है। किंग चार्ल्स के बेटे प्रिंस हैरी की पत्नी मेघन ने कहा है कि उन्होंने क्रूर ऑनलाइन बदमाशी और दुर्व्यवहार का अनुभव किया है। ऐसा उनके साथ उनकी गर्भावस्था के दौरान हुआ। ऑस्टिन टेक्सास में साउथ बाय साउथवेस्ट फेस्टिवल (एसएक्सएसडब्ल्यू) के एक कार्यक्रम में बोलते हुए मेघन ने कहा कि मैं अपनी भलाई के लिए सोशल मीडिया से दूरी बना कर रखती हूं। सोशल मीडिया और ऑनलाइन धमकियों और दुर्व्यवहार का अनुभव मुझे तब हुआ जब मैं आर्ची और लिली मेरे पेट में थे। मेघन ने कहा कि आप बस इसके बारे में सोचें कि लोग इतने घृणास्पद क्यों होंगे लेकि मैंने इसका सामना किया। उन्होंने कहा, ध्अगर आप किसी महिला के बारे में कुछ भयानक पढ़ रहे हैं तो इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। अगर यह आपकी दोस्त, आपकी मां या आपकी बेटी होती तो आप ऐसा नहीं करते। मुझे लगता है कि डिजिटल स्पेस में हम अपनी मानवता के बारे में भूल गए हैं और इसे बदलना होगा। मेघन ने प्रिंस हैरी से शादी के बाद 6 मई, 2019 को अपने पहले बच्चे आर्ची हैरिसन माउंटबेटन–विंडसर को जन्म दिया। इसके बाद जोड़े ने 4 जून, 2021 को लिलिबेट डायना का स्वागत किया।

# पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार बेटी बनी देश की फर्स्ट लेडी

**रिपोर्ट**

## पाकिस्तान में आसिफ अली जरदारी बने हैं 14वें राष्ट्रपति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



इस्लामाबाद। पाकिस्तान की फर्स्ट लेडी का पद राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी को दिया जाएगा। देश के नवनियुक्त राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने अपनी बेटी आसिफा भुट्टो जरदारी को देश की प्रथम महिला के रूप में औपचारिक मान्यता देने का फैसला किया है। आमतौर पर देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति की पत्नी होती है। देखा जाए तो यह पहली बार होगा कि किसी पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने प्रथम महिला के पद के लिए अपनी बेटी की घोषणा की है। इस ऐतिहासिक कदम ने आसिफा भुट्टो को प्रथम महिला के प्रतिष्ठित पद पर पहुंचा दिया है, जो देश के राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है।

सूत्रों ने दावा किया कि राष्ट्रपति जरदारी आसिफा भुट्टो को पाकिस्तान की प्रथम महिला घोषित करेंगे। एआरवाई न्यूज ने बताया कि आधिकारिक घोषणा के बाद, आसिफा भुट्टो जरदारी को प्रथम महिला के अनुरूप प्रोटोकॉल और विशेषाधिकार दिए जाएंगे। यह निर्णय विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि आसिफा भुट्टो प्रथम महिला का पद संभालने वाली किसी राष्ट्रपति की पहली बेटी बनने जा रही हैं।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के सह–अध्यक्ष आसिफ जरदारी ने पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली और दूसरी बार आधिकारिक तौर पर राज्य के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला।

सैन्य प्रमुखों को छोड़कर, जरदारी एकमात्र नागरिक उम्मीदवार हैं जिन्हें दूसरी बार देश का राष्ट्रपति चुना गया है। इससे पहले, उन्होंने 2008 से 2013 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था। पाकिस्तान चुनाव आयोग के अनुसार, जरदारी ने शनिवार को अपने प्रतिद्वंद्वी और पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के प्रमुख महमूद खान अचकजई को हराने के लिए 411 चुनावी वोट हासिल किए थे, जिन्हें केवल 181 वोट ही मिल सके थे।

पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने आज इस्लामाबाद में राष्ट्रपति भवन में जरदारी को शपथ दिलाई। उनके साथ नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और निवर्तमान राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के अलावा सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा और पीपीपी प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी भी मौजूद थे।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, जरदारी उन चार लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपतियों में से एक हैं जिन्होंने अपना पांच साल का संवैधानिक कार्यकाल पूरा किया है।

## पोप फ्रांसिस की टिप्पणी से यूक्रेन और उसके सहयोगी नाराज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। यूक्रेन और उसके सहयोगियों ने रविवार को पोप फ्रांसिस से नाराजगी जताई है। पोप ने कहा था कि कीव को रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत करने का साहस दिखाना चाहिए। पोप के बयान का अर्थ यह निकाला गया कि पोप ने यह बयान देकर यूक्रेन से आत्मसमर्पण करने के आह्वान किया है।

यूक्रेन और पोलैंड के विदेश मंत्रियों ने पोप की टिप्पणियों की निंदा की है। पोलैंड के विदेश मंत्री राडेक सिकोरस्की ने एक्स पर पोस्ट कर तंज कसा, पुतिन को यूक्रेन से अपनी सेना वापस बुलाने का साहस करने के लिए प्रोत्साहित करना कैसा रहेगा? बातचीत की जरूरत के बिना तुरंत शांति स्थापित हो जाएगी। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने अपने पोस्ट में आरोप लगाया कि वेटिकन ने नाजी जर्मनी का विरोध करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किया था।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि पोप इसमें उलझे हुए थे। जेलेंस्की ने कहा कि कभी भी समर्पण न करें। जेलेंस्की ने पोप या उनके बारे में कोई सीधा नाम नहीं लिया। विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने एक पोस्ट में लिखा, मजबूत व्यक्ति किसी भी विवाद में खड़ा रहता है। पोप को एक ही स्तर पर रखने का प्रयास करने के बजाय अच्छाई का पक्ष चुनना चाहिए।



## 8,600 साल पुरानी दुनिया की सबसे पुरानी ब्रेड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पुरातत्वविदों ने दुनिया की सबसे पुरानी ब्रेड खोज निकाला है। यह ब्रेड 8,600 साल पुरानी है, जो दक्षिणी तुर्किये के कोन्या प्रांत में एक पुरातात्विक स्थल कैटलहोयुक में मिली है। यह खोज 6600 ईसा पूर्व की है और ब्रैड कच्चे और फर्मेंटेड हालत में पाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेड के अवशेष मेकन 66 नामक क्षेत्र में आंशिक रूप से नष्ट हुए ओवन के पास पाए गए, जो प्राचीन मिट्टी की ईंटों से बने घरों से घिरा हुआ था। तुर्किये के नेकमेट्टिन एर्बाकन यूनिवर्सिटी साइंस एंड टेक्नोलॉजी रिसर्च एंड एप्लीकेशन सेंटर (बीआईटीएएम) की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्रेड काफी गोल और स्पंजी है और विश्लेषण के माध्यम से इसकी पहचान की गई।

## जो बाइडन को माफी मांगनी चाहिए, ट्रंप की पार्टी ने बोला हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। अमेरिकी कांग्रेस के शीर्ष रिपब्लिकन ने रविवार को एक अमेरिकी छात्र की हत्या पर राष्ट्रपति जो बाइडन से माफी की मांग की है। पूर्व ट्विटर एक्स पर हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति अपने आधार से डर रहे हैं और एक ऐसे व्यक्ति के प्रति सम्मान दिखा रहे हैं जो किसी का हकदार नहीं है। उन्होंने कहा कि कथित हत्यारा श्एक अवैध आप्रवासी है जिसने लेकन रिले की बेरहमी से हत्या कर दी।

दरअसल, नर्सिंग छात्र लेकन

■सीमा प्रवर्तन में दी ढील की वजह से हुई हत्या

रिले की 26 जनवरी को हत्या कर दी गई थी। रिले का शव जॉर्जिया विश्वविद्यालय के परिसर में एक झील के पास मृत पाया गया था। इस मामले में वेनेजुएला के एक प्रवासी पर हत्या और अपहरण का आरोप लगा है। 2024 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान में यह मामला मुख्य केंद्र बिंदु बना हुआ है।

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व वाले रिपब्लिकन ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि रिले की हत्या बाइडन द्वारा ढीले सीमा प्रवर्तन का प्रत्यक्ष परिणाम है। इससे पहले बाइडन ने रिले के हत्यारे को अवैध आप्रवासी कहने पर खेद प्रकट कर माफी मांगी थी। इसी पर ट्रंप ने शनिवार को जॉर्जिया में एक रैली के दौरान हमला बोला।

ट्रंप ने कहा कि हत्यारे से माफी मांगने के लिए बाइडन को माफी मांगनी चाहिए। हत्यारा एक अवैध विदेशी था। पूर्व राष्ट्रपति, जिन्होंने प्रवासियों पर देश के श्खून में जहर घोलनेश का आरोप लगाया है, ने कहा कि अगर बाइडन ने सीमा प्रवर्तन में ढील नहीं दी होती तो रिले आज जिंदा होती। स्पीकर जॉनसन ने ट्रंप की भावना का समर्थन करते हुए कहा कि बाइडन को लेकन के परिवार से माफी मांगनी चाहिए।

### दुनिया के सफेद सोने पर कब्जे में जुटा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। जिन देशों में कच्चा तेल निकला उन्होंने दुनिया में खूब पैसा कमाया। लेकिन अब दुनिया में बदलाव आ रहा है। आज के समय डीजल–पेट्रोल की जगह इलेक्ट्रिक कारों की बात हो रही है। इन्हें चलाने के लिए सबसे जरूरी चीज बैट्री है, जो लिथियम से बनती है। यही कारण है कि दुनिया भर के लिथियम भंडार पर चीन कब्जा करने में जुटा है। लिथियम को सफेद सोना कहा जाता है। इसी सफेद सोने के लिए कई चीनी खनन कंपनियों ने करोड़ों डॉलर के प्लांट जिम्बाब्वे में बनाए हैं। झेजियांग हुआयू कोबाल्ट, सिनोमाइन रिसोर्स ग्रुप और चेंगक्सिन लिथियम ग्रुप समेत चीन की कई कंपनियों ने पिछले साल इन प्लांट्स को बनाने या अपग्रेड करने का काम पूरा किया। जिम्बाब्वे दुनिया के सबसे बड़े ठोस लिथियम भंडारों में से एक है। सोलर सेल और बैट्री बनाने वाली चीनी कंपनियां इसी कारण आकर्षित होती हैं।


**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# प्राप्त शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारण करें अधिकारी

**जन संवाद**

## विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 41 शिकायतें कराई दर्ज

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जनपद वासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जन संवाद/जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 41 शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें 17 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।



आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में ललूड़ी की प्रधान शीला भंडारी ने अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्राम पंचायत ललूड़ी में सोलर लाइट उपलब्ध कराने तथा गांव से ब्लॉक मुख्यालय तक जाने हेतु क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग के सुधारीकरण के संबंध में प्रार्थना–पत्र दिया। धारतोंदला प्रधान देवेंद्र सिंह रावत ने ककोला–शीशी–अमरतोणा कांडा गणेशनगर मोटर मार्ग में धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य की शिकायत दर्ज की। घणतगांव के ग्रामीण भजन लाल, मासंतू लाल, मदन, कुंदी, इंदू लाल आदि ने अनुसूचित जाति बस्ती में पेयजल की समस्या होने तथा जल जीवन मिशन के तहत योजना से लाभान्वित करने संबंधी प्रार्थना–पत्र दिया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता मिलन कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों को सभी अधिकारी गंभीरता से लेते हुए उनका निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका समयबद्धता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें एवं जिन शिकायतों पर स्थलीय निरीक्षण किया जाना है उन पर भी तत्परता से निरीक्षण कर जो भी कार्यवाही की जानी हैं उन पर तत्परता से कार्यवाही की जाए। साथ ही जिन शिकायतों पर कार्यवाही की जा रही है उनकी सूचना संबंधित शिकायतकर्ता एवं जिला कार्यालय को इसकी सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जन समर्पण पोर्टल का भी प्रस्तुतिकरण भी किया गया जिसमें तहसील दिवसों एवं जनता मिलन एवं अन्य पोर्टलों के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण एवं की गई कार्यवाही के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एल–1 एवं एल–2 के स्तर पर जो भी शिकायतें लंबित हैं उनका निस्तारण तत्परता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में एल–1 पर 175 तथा एल–2 पर 38 शिकायतें निस्तारण हेतु लंबित हैं। जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी शीघ्रता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसमें किसी भी प्रकार की कोई ढिलाई न बरती जाए।

## न्यूज डायरी :

### वर्क के कार्यकर्ताओं ने लोगों को वितरित किया भोजन

**संवाददाता** देहरादून। वर्ड ऑर्गनाइजेशन रिलिजन एंड नॉलेज (वर्क) के कार्यकर्ताओं ने पलटन बाजार जामा मस्जिद के सामने समाज सेवा करते हुए लोगों को भोजन वितरित किया कार्यकर्ताओं ने सोयाबीन आलू और चावल की तहरी बनाकर काफी बड़ी मात्रा में लोगों को भोजन व पानी की बोतलें वितरित कराने का कार्य किया चलते फिरते सभी राहगीर व बाजार में पहुंचे हर व्यक्ति को खाना वितरित करने का कार्य किया। स्मरण रहे की वर्क संस्था समय–समय पर सामाजिक कार्य करते हुए समाज सेवा के कार्य में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले इस प्रकार के कार्य करती रहती है जिससे लोगों का भला हो उन तक भोजन कपड़ा और जरूरत की चीज पहुंच सके और समाज में प्यार, मोहब्बत, भाईचारा आए और सभी धर्मों के लोग व सभी जन मिलजुल कर रहे।

### लो वोटर टर्न आउट वाले क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक कर मतदाताओं को किया जागरुक

**संवाददाता** चमोली। स्वीप अभियान के तहत जनपद चमोली में सोमवार को लो वोटर टर्न आउट वाले क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। इसके साथ ही मतदाता पहचान पत्र विशेष शिविर का आयोजन किया गया। स्वीप की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लो वोटर टर्न आउट वाले क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कर्णप्रयाग विधानसभा के मैखुरा, धनपुर, सलियाणा, गैरसैंण बाजार आदि में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। वहीं दूसरी ओर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर, राजकीय विधि महाविद्यालय गोपेश्वर में वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से नए मतदाताओं का पंजीकरण करवाने के साथ ही मतदाता शपथ दिलाई गई।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पांचवीं ड्राइव को झंडी दिखाकर रवाना किया

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने गुवाहाटी में आयोजित ग्रेट 4गुणा4 एक्सपेडिशन बाई टोयोटा को झंडी दिखाकर रवाना करने की घोषणा की। यह भारत के भिन्न क्षेत्रों में आयोजित साहसिक ऑफ–रोडिंग की श्रृंखला में पांचवीं रोमांचक ड्राइव है। अनूठे और बेहद महत्वपूर्ण पूर्वोत्तर क्षेत्र में यह मनोरम कार्यक्रम एक अविस्मरणीय अनुभव का वादा करता है, जिसने 8 मार्च से 10 मार्च 2024 तक पीआरपी घाटी के सुरम्य परिदृश्य में उत्साही ऑफ–रोडर्स को एकजुट किया और मेघालय क्षेत्र के कुछ सुंदर स्थानों का पता लगाया। मई 2023 में, टीकेएम ने देश भर के मोटरिंग उत्साहियों के लिए अपनी प्रथम पहल की घोषणा की। इसे चार क्षेत्रों में आयोजित किया गया।

## बेरोजगार संघ अध्यक्ष बॉबी पंवार के साथ युवाओं का उमड़ा हुजूम

**संवाददाता** पुरोला। लोकसभा चुनाव में सांसद पद के लिए टिहरी लोकसभा क्षेत्र से बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने युवाओं के हुजूम के साथ जनसम्पर्क यात्रा कर समर्थन जुटाया। टिहरी संसदीय क्षेत्र से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी ताल ठोक चुके उत्तराखण्ड बेरोजगार संगठन के अध्यक्ष रहे बॉबी पंवार ने मोरी,सांकरी,नैटवाड़,गड्डूगाड़ सहित पुरोला के पोरा, गुंदियाटगांव,कंडियाल गांव, मठ, बसन्तनगर आदि कस्बों से होते हुए पुरोला मुख्य बाजार में जनसंपर्क रथ व युवाओं के हुजूम के साथ जनसम्पर्क कर समर्थन जुटाया। सबको देखा बार बार बॉबी पंवार अबकी बार, युवाओं के दिल की पुकार है सांसद बॉबी को बनाना है आदि नारों ओर गानों के साथ युवा भी खासे उत्साहित नाचते हुए नजर आए। बॉबी पंवार ने लोगों का आशीर्वाद लेते हुए लोक सभा चुनाव में जीत के लिए समर्थन मांगा। बॉबी पंवार ने कहा कि राजा महाराजाओं को लोकतंत्र में सांसद बनने की जरूरत नही है यह तो जनता के साथ धोखा है।

उन्होंने कहा कि भर्षटाचार चरम पर है भाजपा व कॉग्रेस मौन है युवाओं के साथ छलावा हो रहा है इसके लिए हमे बड़ी बड़ी पार्टियों के विरासत की परंपरा को तोड़ना है और वह तभी सम्भव है जब जनता जागरूक होकर भाजपा के भर्षटाचार को याद कर अपने बच्चों के साथ हुए अत्याचार का बदला वोट देकर करेंगे। उन्होंने कहा कि टिहरी लोक सभा क्षेत्र के हर गांव व मोहल्ले से युवाओं और बुजुर्गों का बड़ा समर्थन मिल रहा है।



### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रुद्रप्रयाग के तत्वाधान में जनपद न्यायालय रुद्रप्रयाग एवं बाह्य न्यायालय उखीमठ में 'राष्ट्रीय लोक अदालत' का आयोजन किया गया। सचिव/सिविल जज (सी.डि.), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रुद्रप्रयाग श्री रवि रंजन द्वारा बताया गया कि 'राष्ट्रीय लोक अदालत' में बैंक वाद से सम्बन्धित प्री–लिटिगेशन के कुल 09 मामलों का आपसी सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण कर कुल 4,90,925 रुपए समझौता राशि वसूल की गयी। श्रीमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रुद्रप्रयाग श्री राजेश कुमार की पीठ द्वारा कुल 97 वादों का निस्तारण कर मु. 25,78,741– रुपए समझौता राशि वसूल की गयी।

## पीजी कॉलेज गोपेश्वर में बनेगा ईवीएम स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल

**संवाददाता** चमोली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन सक्रियता से तैयारियों में जुटा है। जनपद की तीनों विधानसभा यथा बद्रीनाथ, थराली एवं कर्णप्रयाग के लिए पीजी कॉलेज गोपेश्वर में अलग अलग ईवीएम स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल बनाए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना एवं पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों के साथ पीजी कॉलेज में मतगणना स्थल और स्ट्रांग रूम में ईवीएम रखरखाव व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि



पोलिंग के बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रखने के साथ आयोग के निर्देशों के अनुसार श्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था और पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। पोलिंग पार्टियों से निर्वाचन सामग्री एकत्रित करने के लिए अलग–अलग काउंटरों की व्यवस्था की जाए। जिमनेजियम हॉल में पोलिंग पार्टियों के रोकने के लिए वेटिंग एरिया बनाया जाए।

तीनों विधानसभा के मतगणना कक्षों में सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं की जाए। मतगणना कक्षों की ओर आने जाने वाले मार्ग पर पर्याप्त बैरिकेडिंग के साथ विद्युत, पेयजल, शौचालय की समुचित व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाए। पोस्टल बैलेट काउंटिंग के लिए जरूरी व्यवस्था की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्षों में की जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, लोनिवि के अधिशासी अभियंता आरएस चौहान, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी सती आदि मौजूद थे।

### रेडकेन के साथ पार्टनरशिप में जा रहा है गीतांजलि सैलून

**संवाददाता** देहरादून। गीतांजलि सैलून, जो अपनी सर्वोत्तम शैली और बालों की कलाकारी के लिए प्रसिद्ध है, अब खुशी से घोषणा करता है कि वह रेडकेन के साथ साझेदारी कर रहा है, जो अमेरिका में हैशटैग1 प्रोफेशनल हेयर ब्रांड है। यह देहरादून में पहला रेडकेन फ्लैगशिप सैलून होगा, जहां पुरस्कार विजेता गीतांजलि सैलून केवल रेडकेन के परिवर्तनात्मक बाल उपचार और सेवाएं प्रदान करेगा जो आपके बालों की देखभाल के प्रति नजरिये को पुनर्परिभाषित कर देगा। देहरादून के सैलून जगत में यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर गीतांजलि सैलून की महारत और रेडकेन के आधुनिकतम हेयर टेक्नोलॉजी को एक साथ लाता है। हेयर कलर में रेडकेन के अभिनव तरीकों के साथ, उच्च कोटी का हेयर केयर, और आधुनिक स्टाइलिंग उत्पादों के साथ, गीतांजलि सैलून बालों को नए युग के अनुसार रखने वालों की नई मंजिल होगा।

*हर इंसान को परछाई और आईने की तरह ही दोस्त बनाने चाहिए, क्योंकि परछाई कभी साथ नहीं छोड़ती और आईना कभी भी झूठ नहीं बोलता – अज्ञात*



विचार-प्रवाह देहरादून, मंगलवार, 12 मार्च 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# कई झटके लगे

**लेकिन अब तक की स्थितियों को देखते हुए इसे पिछली यात्रा जैसी कामयाब नहीं कहा जा सकता। इससे जिस तरह की ऊर्जा पैदा होने की उम्मीद की जा रही थी, उसमें एक बड़ी बाधा इंडिया से जुड़े दलों में एकजुटता लाने में हुई देरी भी साबित हुई।**

गुलशन राय खत्री।।

बनने से पहले ही बिखर जाने की अटकलों और आशंकाओं के बीच इंडिया के लिए पहले यूपी और फिर दिल्ली से कुछ अच्छी खबर आई। समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से सीट बंटवारे पर बनी सहमति ने एक बार फिर विपक्षी दलों और उनसे जुड़े कार्यकर्ताओं को यह दावा करने का मौका दे दिया है कि 2024 की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और वे सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए कड़ी चुनौती पेश करने का माद्दा अभी भी रखते हैं।

पिछले कुछ समय से इंडिया को एक के बाद एक कई झटके लगे। पहले तो कांग्रेस ने ही पिछले साल दिसंबर के विधानसभा चुनावों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में गठबंधन से जुड़ी बातचीत को ठंडे बस्ते में डाल दिया। बातचीत शुरू भी हुई तो नेताओं में न तो पहले जैसा जोश दिखा और न वैसी केमिस्ट्री महसूस हुई। फिर गठबंधन के प्रस्ताव पर सबसे बढ़–चढ़कर काम करने वाले नीतीश कुमार ही उसे छोड़ गए। यूपी में जयंत चौधरी भी इंडिया का हाथ थामते–थामते एनडीए में शामिल हो गए।

इस बीच छोटे–बड़े नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला भी तेज हुआ। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का नाम खास तौर पर चर्चित रहा। इसे चाहे इन नेताओं का व्यक्तिगत अवसरवाद कहें या एनडीए और बीजेपी नेतृत्व की सक्रियता, इतना तय है कि इन नेताओं को कांग्रेस का भविष्य खास अच्छा नहीं दिख रहा।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की अगली कड़ी के रूप में भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की और इससे कांग्रेस ने उम्मीदें भी काफी लगा रखी हैं, लेकिन अब तक की स्थितियों को देखते हुए इसे पिछली यात्रा जैसी कामयाब नहीं कहा जा सकता। इससे जिस तरह की ऊर्जा पैदा होने की उम्मीद की जा रही थी, उसमें एक बड़ी बाधा इंडिया से जुड़े दलों में एकजुटता लाने में हुई देरी भी साबित हुई। इस वजह से विपक्षी एकजुटता के समर्थकों में समय पर उत्साह का संचार नहीं हो पाया।

वैसे कहा जा सकता है कि अभी भी वक्त हाथ से पूरी तरह निकला नहीं है। जिस तरह से समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के साथ यूपी और दिल्ली के बाहर भी सीटों के बंटवारे पर सहमति बनी है, उसे देखकर लगता है कि दोनों पक्ष खुलेपन का परिचय दे रहे हैं। अगर महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड जैसे अन्य राज्यों में भी इसी तरह की आपसी समझ बनी और सहजता से गठबंधन में सामंजस्य बना तो आगामी लोकसभा चुनाव में अच्छा मुकाबला दिख सकता है। लेकिन अहम सवाल तो यही है कि क्या गठबंधन की गाड़ी आगे और हिचकोले नहीं खाएगी? क्या यह दावा किया जा सकता है?

## सदाचार का भाव




**अशोक वोहरा।** किसी जंगल में एक संत महात्मा रहते थे। बातों में सदाचार का भाव, चेहरे पर इतना तेज था कि कोई भी इंसान उनसे प्रभावित हुए नहीं रह सकता था। एक बार जंगल में शहर का एक व्यक्ति आया। जब वो महात्मा जी की झोपड़ी से होकर गुजरा तो देखा बहुत से लोग महात्मा जी के दर्शन करने आए थे। वो महात्मा जी के पास गया और बोला कि आप अमीर भी नहीं है, आपने महंगे कपड़े भी नहीं पहने हैं, आपको देखकर मैं बिल्कुल प्रभावित नहीं हुआ। फिर ये इतने सारे लोग आपके दर्शन करने क्यों आते हैं? महात्मा जी ने उस व्यक्ति को अपनी एक अंगूठी उतार के दी और कहा कि आप इसे बाजार में बेच कर आएं और इसके बदले एक सोने माला लेकर आना। अब वो व्यक्ति बाजार गया और सब की दुकान पर जाकर उस अंगूठी के बदले सोने की माला मांगने लगा।

# संपादकीय

## समझौते का दबाव

युद्ध ग्लोबल इकॉनमी को तो प्रभावित कर ही रहा है, दुनिया पर इससे उपजे दूसरे दबाव भी बढ़ते जा रहे हैं। ग्लोबल साउथ की मांग है कि जल्द से जल्द समझौते की कोई राह निकाली जाए। लेकिन कोई भी टिकाऊ हल निकालने के लिए यह देखना जरूरी है कि इस युद्ध ने छोटे–छोटे और गरीब मुल्कों को किन–किन स्तरों पर और कितना नुकसान पहुंचाया है। इन देशों के नजरिए से भी इनकी प्राथमिकताओं और इनके विकास अजेंडे पर आगे बढ़ने के लिए एक दीर्घकालिक हल महत्वपूर्ण है। जैसा कि भारत भी दोहराता रहा है कि युद्ध कोई हल नहीं है, बातचीत और कूटनीति के रास्ते ही कोई समाधान मिल सकता है। लेकिन जब तक इस क्षेत्र के लिए नए सुरक्षा तर्क और नजरिए से लैस ऐसी जीवन शैली नहीं ढूंढी जाती जो दोनों पक्षों की आकांक्षाओं और आशंकाओं के बीच संतुलन बना सके, तब तक इस संघर्ष का स्थायी इलाज मिलना मुश्किल है।

ट्रंप ने एक चुनावी रैली में यह कहकर यूरोपीय देशों की धड़कन बढ़ा दी कि वह रूस को उस देश के खिलाफ 'जो मर्जी करने के लिए प्रोत्साहित' करेंगे, जो अपने रक्षा बजट पर खर्च के वादे पर खरा नहीं उतरता।

# अमेरिका का पहल

हर्ष वी पंत।।

रूस–यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरे होने जा रहे हैं। इस युद्ध की वजह से दोनों पक्षों को और दुनिया के कई देशों को भारी नुकसान हो रहा है, लेकिन युद्ध का अंत दूर–दूर तक नजर नहीं आ रहा। रूसी सेना ने पिछले दिनों एक बड़ी कामयाबी हासिल की। उसने यूक्रेन के पूर्वी शहर अवदीवका पर कब्जा कर लिया, जहां महीनों से भयंकर लड़ाई चल रही थी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने इसे 'अहम जीत' बताया, जबकि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हार का दोष पश्चिमी हथियारों की आपूर्ति में कमी पर मढ़ा है।

अमेरिका में घरेलू राजनीतिक विभाजन यूक्रेन को महत्वपूर्ण सैन्य सहायता जारी रखने के प्रयासों को विफल कर रहा है। महीनों के खींचतान के बाद अमेरिकी सीनेट ने पिछले महीने यूक्रेन के लिए +60 अरब की सहायता को मंजूरी दी, लेकिन प्रतिनिधि सभा में अभी भी इसे लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। नैटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने भी माना है कि अमेरिकी सहायता में देरी से यूक्रेन को युद्ध में नुकसान हो रहा है।

यूक्रेन के समर्थन में यूरोपीय देशों की ओर से बयानबाजी तो खूब हुई है, लेकिन उसे ठोस मदद बहुत कम दी गई है। नतीजा यह कि जहां



पश्चिम समर्थित यूक्रेन को अपने तोपखाने के गोले संभलकर दागने पड़ रहे हैं, वहीं रूस में वॉर इकॉनमी फल–फूल रही है। आलम यह है कि अपनी GDP का 2 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने का सीमित लक्ष्य नैटो के 31 सदस्य देशों में से केवल 11 देश ही हासिल कर सके हैं। ऐसे में हैरत की बात नहीं कि यूरोप मार्च तक यूक्रेन को 155 मिलीमीटर तोपखाने के 10 लाख गोले पहुंचाने का अपना वादा पूरा करने की स्थिति में भी नहीं दिख रहा।

अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होंगे। इसके लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से प्रत्याशी की दौड़ में ट्रंप आगे चल रहे हैं। इससे यूरोप की नींद खुल गई है। ट्रंप ने एक चुनावी रैली में यह कहकर यूरोपीय देशों की धड़कन बढ़ा दी कि वह रूस को उस देश के खिलाफ 'जो मर्जी करने के लिए प्रोत्साहित' करेंगे, जो अपने रक्षा बजट पर खर्च के वादे पर खरा नहीं उतरता। यह बयान नैटो अलायंस की बुनियाद को ही चुनौती देता है।

ट्रंप का यह चौंकाने वाला बयान यूरोपीय देशों को इस सचाई का अहसास करा रहा है कि यूक्रेनी चुनौती के बावजूद, वे खुद को हालात का सामना करने लायक नहीं बना पाए हैं। आलम यह है कि अगर नैटो के सभी सदस्य देश अपने रक्षा खर्च के लक्ष्य को पूरा कर लेते हैं, तो भी यूरोप को अमेरिकी समर्थन के बिना खुद का बचाव करने में एक दशक लग जाएगा। पूर्वी यूरोप और बाल्टिक देशों में, रूसी खतरों के मद्देनजर रक्षा क्षमताओं के निर्माण पर खासा जोर है। लेकिन यूरोप का केंद्र माने जाने वाले देश मजबूत डिफेंस इंडस्ट्री के बावजूद महाद्वीप की बदलती जरूरतों के मुताबिक अपनी क्षमता का विस्तार नहीं कर पाए हैं। ट्रंप के बयान ने सबका ध्यान जरूर खींचा है, लेकिन यह सिर्फ ट्रंप से जुड़ी बात नहीं है।

जॉर्ज डब्लू बुश के दिनों से वॉशिंगटन में इस मसले पर यूरोप के रुख को लेकर असंतोष रहा है। अपनी तेजी से घटती रक्षा क्षमताओं से उपजी चुनौतियों को पहचानने में यूरोप ने सचमुच काफी देर कर दी है। अगर यूक्रेन की सीमा पर रूस फिर से हमलावर हो रहा है तो उसके पीछे यह बात भी है कि उसने नैटो के भीतर के असंतोष और यूरोप की कमजोरियों को भांप लिया है।

### सूडोकु नवताल- 5353

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -5352 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## अपना ब्लॉग

### अंतहीन युद्ध

**मोहन।** मौजूदा गतिरोध को देखते हुए युद्ध का कोई सैनिक समाधान निकलने के आसार नहीं दिख रहे। दोनों पक्ष अलग–अलग तरह की आक्रामक और रक्षात्मक रणनीतियां अपना कर देख चुके हैं। कोई भी उन्हें निर्णायक जीत के करीब नहीं ले जा पाई। स्थायी शांति का कोई भी प्रस्ताव तभी कारगर हो सकता है जब वह संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करे और संयुक्त राष्ट्र चार्टर में निहित सिद्धांतों पर आधारित हो। फिलहाल दोनों पक्षों में इसके लिए आवश्यक स्वीकार्यता नहीं दिख रही है। यूक्रेन पर ट्रंप के विचारों को रिपब्लिकन हलकों में ठोस समर्थन हासिल है और वह राष्ट्रपति चुनाव नहीं जीत पाते हैं, तब भी ऐसी संभावना नहीं है कि यूक्रेन की मदद को लेकर अमेरिका में उत्साह का माहौल बन जाएगा। इसलिए जिम्मेदारी अब यूरोप पर है। उसे अपने रक्षा उद्योग में सुधार करते हुए जल्द से जल्द इसका पुनर्निर्माण करना होगा। वरना आने वाले समय में उसे सीमा क्षेत्रों में रूसी दखलंदाजी का सामना करते रहना पड़ेगा।





## रणबीर कपूर की रामायण का प्लॉट लीक! सीता हरण पर खत्म होगा पहला पार्ट

नितेश तिवारी की फिल्म श्रामायणश पिछले काफी समय से चर्चा में बनी हुई है। फिल्म में नामी स्टार्स हैं और इसे काफी बड़े स्केल पर बनाया जा रहा है। आए दिन इस फिल्म से जुड़ा कोई न कोई अपडेट सामने आ रहा है। हालांकि मेकर्स हर डिटेल को सीक्रेट रखने की काफी कोशिश कर रहे हैं। अब लेटेस्ट खबर है कि श्रामायणश को तीन पार्ट में बनाया जाएगा। यही नहीं, पहले पार्ट की कहानी क्या होगी, यह भी रिवील हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक सोर्स ने बताया कि तीन भाग में बनाई जाएगी। यह एक ट्रायोलॉजी होगी। मेकर्स ने फिल्म की कहानी को तीन हिस्सों में बांटा है। सोर्स ने बताया कि पहले भाग में भगवान राम, अयोध्या में उनके परिवार, सीता के साथ उनके विवाह और उनके 14 साल के वनवास की कहानी दिखाई जाएगी। साथ ही पहले भाग में रावण द्वारा सीता के अपहरण को भी दिखाया जाएगा, और इसी के साथ रामायण का पहला हिस्सा खत्म करने की प्लानिंग की जा रही है। सोर्स ने बताया कि मेकर्स कहानी में जल्दबाजी नहीं करना चाहते। वो इसे एंटरटेनिंग, इमोशनल और सिनेमाई तरीके से बताना चाहते हैं। रामायण में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी मां सीता और सनी देओल हनुमान के किरदार में नजर आएंगे। वहीं रकुल प्रीत सिंह शूर्पणखा के किरदार में दिखेंगी और यश लंकापति रावण के किरदार में होंगे। यानी पहले पार्ट में यश नजर आएंगे।

## बिजनेस के लिए 50 लाख बचाकर कपल ने रचाई मंदिर में शादी

शार्क टैंक इंडिया 3 का नया एपिसोड एक स्नैक्स कंपनी के पिचर्स के साथ शुरू होता है। वे बताते हैं कि कैसे वे स्वाद से समझौता किए बिना स्नैक्स के लिए एक स्वस्थ विकल्प तैयार कर रहे हैं। वे आगे बताते हैं कि कैसे बाकी के स्नैक लोगों के लिए हेल्थी नहीं हैं और इसलिए वे इसके लिए एक हेल्दी चीज लेकर आए हैं। अमन, विनीता और बाकी लोगों ने उनसे कहा कि वे उन्हें अपने प्रोडक्ट का स्वाद चखने दें। फिर उन्होंने उन्हें स्नैक्स खाने को दिया और उन्हें अपने प्रोडक्ट पेश किए। लेकिन इस बीच, विनीता और अजहर के बीच कहासुनी हो गई। पिचर ने आगे खुलासा किया कि कंपनी में 2.5 प्रतिशत इक्विटी के लिए उनकी मांग 90 लाख है। जैसे-जैसे एपिसोड आगे बढ़ता है, विनीता उनकी तारीफ करती हैं। जबकि अनुपम ने सोचा कि कीमत काफी अधिक है, विनीता ने कहा कि यह गलत है। उन्होंने आगे अपनी मार्केटिंग रणनीति, इकाई इकोनॉमी और बहुत कुछ के बारे में बात की।

## रिंकू घोष और काजल राघवानी की जोड़ी ला रही इमोशनल कहानी



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री का नाता लोक संस्कार और सरोकारों से हमेशा से रहा है। भोजवुड के पर्दे पर अक्सर सामाजिक कहानियों को फिल्में बनती हैं। इसी कड़ी में ननद-भोजाई के रिश्ते पर बनी फिल्म ननद आ रही है। फिल्म का ट्रेलर शुक्रवार, 8 मार्च को रिलीज किया गया है। फिल्म में रिंकू घोष और काजल राघवानी की जोड़ी है, जो इस रिश्तों की भावनात्मक डोर वाली कहानी में धमाल मचा रही है। ननद फिल्म का निर्माण वर्ल्डवाइड सिने फिल्म्स प्रोडक्शन और प्रदीप सिंह के बैनर तले हुआ है। फिल्म का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। फिल्म के निर्माता जहां प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह हैं, वहीं इसका डायरेक्शन अजय कुमार झा ने किया है। कुल 4 मिनट 53 सेकेंड के इस ट्रेलर में फिल्म्म की कहानी की झलक देखने को मिलती है। ट्रेलर में गानों और डायलॉग्स खासकर इसमें रस घोलते हैं।
ननद-भोजाई और भाई के रिश्तों की ये कहानी अलग हटके है। प्रदीप सिंह एक बार फिर से फ्रेश कंटेंट के साथ एक शानदार फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर में अभिनेत्री रिंकू घोष और काजल राघवानी का चलवा देखने को मिल रहा है, वहीं उनके साथ एक्टर गौरव झा, देव सिंह और संजय सिंह की प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# बिहार की मैथिली ठाकुर हैं करोड़ों की मालकिन, त्याग दिए बॉलीवुड गाने

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*प्रतिभाशाली और मशहूर यंग सिंगर मैथिली ठाकुर ने अपने गानों से लोगों का दिल जीता है। बिहार के मधुबनी की रहने वाली मैथिली कई तरह के गाने गाती हैं और हिंदू धर्म में गहरी आस्था रखती हैं। 25 जुलाई 2000 को जन्मी मैथिली ठाकुर फिलहाल 23 साल की हैं। एक सेलिब्रिटी के तौर पर, मैथिली की पर्सनल लाइफ अक्सर उनके फैंस के लिए एक्साइटिंग रही है। उन्हें महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से युवा सम्मान मिला। तब से मैथिली को लेकर खूब चर्चा हो रही है। मैथिली ठाकुर उन युवाओं में से एक हैं जिन्हें इस साल का कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मिला है। ये अवॉर्ड उन्हें कई भाषाओं में गानों की प्रस्तुति के लिए दिया गया है। आइए उनके बारे में कुछ बातें बताते हैं।*

**मैथिली ठाकुर कौन है**

मैथिली ठाकुर एक युवा, प्रतिभाशाली और टैलेंटेड सिंगर हैं जिन्होंने अपने करियर में बड़ी सफलता हासिल की है। अपनी कला के प्रति उनका समर्पण और अपने फैंस से मिलने वाला प्यार उन्हें मनोरंजन जगत में हाई रेटेड स्टार बनाता है।

**मैथिली ठाकुर की शुरुआत कहां से हुई?**

मैथिली ठाकुर की जर्नी रियलिटी शो से शुरू हुई। उनकी सफलता 2017 में रियलिटी शो राइजिंग स्टार इंडिया के साथ आई, जहां उन्होंने अपनी असाधारण परफॉर्मेंस से दर्शकों और जजों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक लोक गीतों की उनकी प्रस्तुति ने उन्हें सिंगिंग स्टार्स में एक अलग दर्जा दिया।



**मैथिली ठाकुर के गाने और भजन**

मैथिली ठाकुर ने पारंपरिक लोक गीतों के साथ-साथ कई ट्रैक्स पर गाए गाए हैं। उनके कुछ हिट गानों में माई री माई, रंगबती और छठ पूजा गीत शामिल हैं। मैथिली ठाकुर संगीत के बैकग्राउंड वाले परिवार से ही आती हैं। साथ में उन्होंने कई सारे भजन भी गाए हैं। मैथिली ने नगरी हो अयोध्या सी, नवरात्रि के भजन, हरी नाम नहीं तो जीना क्या, पता नहीं किस रूप में आकर, ये तो प्रेम की बात है जैसे भजन गाए हैं।

**मैथिली ठाकुर की नेट वर्थ**

मैथिली ठाकुर अपने गानों और पोस्ट के जरिए लाखों की कमाई करती हैं। कई आर्टिकल्स में कहा गया है कि उनकी नेट वर्थ करोड़ों में हैं। मैथिली तब सुर्खियों में आई थीं, जब एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को पूरी तरह बॉयकॉट कर दिया। उन्होंने तब कहा था कि अब से वो कोई भी फिल्मी गाने नहीं गाएंगी।

# सुपरस्टार अजित कुमार अस्पताल में भर्ती, मैनेजर ने दी हेल्थ अपडेट

*तमिल फिल्मों के सुपरस्टार अजित कुमार को चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया है। यह खबर आते ही उनके फैंस चिंता में हैं। सोशल मीडिया पर जहां यह खबर आग की तरह फैली, वहीं यह भी दावा किया गया कि एक्टर के ब्रेन की सर्जरी हुई है। हालांकि, अब अजित कुमार के मैनेजर ने हेल्थ अपडेट दिया है। बताया है कि एक्टर नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल में भर्ती हुए हैं। साथ ही उन्होंने ब्रेन ट्यूमर और ब्रेन सर्जरी की खबरों का खंडन किया है।*



अजित कुमार के मैनेजर सुरेश चंद्रा ने कहा, ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन की खबर सच नहीं है। वह नियमित स्वास्थ्य जांच (रूटीन चेकअप) के लिए अस्पताल गए थे। वहां जांच के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि उनके कान के नीचे की नसें कमजोर हैं। आधे घंटे के अंदर ही इसका इलाज पूरा कर लिया गया।

**अस्पताल से डिस्चार्ज हो जाएंगे अजित**

मैनेजर सुरेश चंद्रा ने आगे कहा, अब अजित कुमार को जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। उन्हें शुक्रवार रात या शनिवार की सुबह जल्दी छुट्टी दे दी गई। जाहिर तौर पर यह आधिकारिक हेल्थ अपडेट एक्टर के करोड़ों फैंस के लिए राहत की बात है। अजित इन दिनों मगिज थिरुमेनी के डायरेक्शन में बन रही अपनी आगामी फिल्म विदा मुयारची की शूटिंग कर रहे हैं। उम्मीद यही है अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद वह सेट पर वापस लौट जाएंगे।

**:Vhu pdvi dfy, igpp Fk vLirky**

इससे पहले एक्ध्टर के करीबी सूत्रों ने बताया था कि विदेश यात्रा पर जाने से पहले एक्टर अपने रूटीन हेल्थ चेकअप के लिए अस्पताल गए थे। उन्हें फिल्म की शूटिंग पूरी करने के लिए अजरबैजान जाना है।

**विदा मुयारची में तृषा के साथ कर रहे हैं काम**

अजित कुमार ने हाल ही अपने बेटे अधविक का 9वां जन्मदिन मनाया है, जो फुटबॉल थीम पर था। जन्मदिन समारोह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। वर्कफ्रंट पर फिल्म श्विदा मुयारचीश में अजित कुमार के साथ तृषा मुख्य भूमिका में हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म की 90 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है और जल्द ही इसे खत्म कर लिया जाएगा।

# किसी वजह से मुंह अंदर से कट गया? राहत देंगे ये घरेलू उपचार

*कई बार खाने खाते समय मुंह अंदर से कट जाता है, जो कई दिनों तक दर्द और खाने में दिक्कत करता है। इस तरह की छोटी–छोटी परेशानियों में घरेलू उपाय बहुत काम आते हैं। जानिए ओरल इंजरी होने पर किस तरह के घरेलू इलाज अपनाएं।*



मुंह का अंदर की तरफ से कट जाना एक आम समस्या है। ऐसा कई बार होता है कि कुछ खाते समय या ब्रश करते समय हमारा मुंह अंदर की तरफ से कट जाता है। मेडिकल टर्म में हम इसे ओरल इंजरी भी कहते हैं।

ओरल इंजरी के कई और भी कारण हो सकते हैं, जैसे चोट लग जाना, कुछ चबाते हुए मुंह कट जाना, और बच्चों में पेंसिल या पेन मुंह में डालने कारण मुंह में चोट लग जाना आदि। गंभीर चोट लगने पर मुंह में ब्लड क्लॉट भी हो सकता है। लेकिन इसमें घबराने की जरूरत नहीं है। खाने खाते समय मुंह का अंदर से कट जाना आम है। लेकिन इसे अनदेखा भी नहीं कर सकते हैं, क्योंकि आगे जाकर यह चोट जख्म का भी रूप ले सकती है। ओरल इंजरी में राहत पाने के लिए घरेलू उपचार भी काफी काम आते हैं, जिनमें शामिल हैं–

**जानें क्या करें मुंह कट जाने की समस्या में**

ओरल हेल्थ फाउंडेशन के अनुसार मुंह के अंदर लगी चोट में साफ–सफाई का ध्यान रखने की आवश्यकता है। चोट को छूने से पहले अपने हाथों को अच्छी तरह से साफ कर लें। चोट को भी साफ पानी से साफ करें। इसके लिए किसी साफ कॉटन का इस्तेमाल करें, ताकि ब्लीडिंग रुक जाए। लेकिन ध्यान रखें कि मुंह में लगी चोट को बार–बार जीभ से टच न करें। मुंह के अंदर किसी प्रकार की क्रीम का इस्तेमाल न करें। यदि चोट गहरी है, तो डॉक्टर को जरूर दिखाएं।

**हल्दी और नमक का पेस्ट**

हल्दी और नमक का मिश्रण मुंह के कटने के इलाज के लिए एक प्राकृतिक और प्रभावी उपाय है। हल्दी में कुछ एंटीऑक्सीडेंट और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो दर्द और सूजन को कम करने में मदद करते हैं। एक छोटी सी मात्रा में हल्दी पाउडर और नमक का मिश्रण बनाएं और इसे मुंह के कटने के स्थान पर लगाएं।

**नमक और पानी का गरारा**

गर्म पानी में नमक मिलाकर गरारे करने से मुंह के कटने पर काफी आराम मिलता है। इसके लिए एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच नमक मिलाएं और इससे गरारा करें।यह आंतरिक मुंह के कटने को शांत करने में मदद करेगा।



## दुनिया में बदनाम है ये ड्रिंक, बचना है तो भरकर पीयो 3 कप, 2 रुपया कीमत

असर में कॉफी को बहुत अनहेल्दी ड्रिंक की तरह बदनाम किया गया है। जबकि यह आपके शरीर को कई तरह के फायदे दे सकती है। आप सिर्फ कुछ कप कॉफी पीकर हार्ट अटैक का खतरा कम कर सकते हैं। बाजार में 2 रुपया में अच्छी कॉफी का पाउच आ जाएगा। प्लाक के कारण रक्त धमनियों में ब्लॉकेज हो जाती है। जिससे दिल को पर्याप्त खून नहीं मिल पाता है और उसकी मसल्स मरने लगती हैं। प्रोफेसर टिम स्पेक्टर ने कहा कि कॉफी पीकर इसका खतरा 25 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। लेकिन इसके लिए डीकैफिनेटेड कॉफी का सेवन करना चाहिए। कॉफी प्लांट प्राकृतिक रूप से फर्मेंट होता है, जिस दौरान बहुत सारे माइक्रोब्स एक्टिव हो जाते हैं। ये माइक्रोब्स पॉलीफेनोल्स को असरदार बनाते हैं। इन पॉलीफेनोल्स का शरीर पर सीधा असर पड़ता है और कुछ ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और स्ट्रेस को कंट्रोल कर सकते हैं। ब्रिस्टलपोस्ट के मुताबिक सोशल मीडिया पर फ–। सेशन के दौरान किसी ने प्रोफेसर से पूछा था कि एक दिन में कितने कप कॉफी पीना हेल्दी रहता है। इसके जवाब में उन्होंने कहा था कि आप दिनमें 3 कप कॉफी पी सकते हैं। अगर आपको कैफीन पसंद नहीं है तो आप डिकैफीनेटेड कॉफी पीएं।

## खून से गंदा कोलेस्ट्रॉल सोख लेगी गुड़–लहसुन की चटनी

हार्ट अटैक, कार्डियक अरेस्ट, स्ट्रोक और हार्ट डिजीज के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इन सबके पीछे एक बड़ा कारण हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर को माना जाता है। रक्त वाहिकाओं में जमा गंदा कोलेस्ट्रॉल उन्हें ब्लॉक कर देता है जिससे ब्लड फ्लो धीमा या थम जाता है। इन जानलेवा कंडीशन से बचने के लिए रक्त वाहिकाओं से गंदे कोलेस्ट्रॉल को खत्म करना है। कोलेस्ट्रोल को जड़ से उखाड़ने और दिल की बीमारियों से बचने के लिए आप लहसुन और गुड़ का सेवन कर सकते हैं। आयुर्वेदिक डॉक्टर मिहिर खत्री का मानना है कि पुराने गुड़ (जिसका रंग काला हो गया है) और लहसुन की दो कलियों के मिश्रण का सेवन करने से दिल को स्वस्थ रखा जा सकता है और साथ ही इससे कई फायदे हो सकते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, हृदय रोगों से बचाव या उनका इलाज करने के लिए सबसे कारगर उपाय लहसुन की दो कलियों और गुड़ की चटनी बनाना है। आप इसे नाश्ते या दोपहर के भोजन के साथ ले सकते हैं। गर्भवती महिलाओं को भी इसे लेने की सलाह नहीं दी जाती है।


## सोने से भी कीमती है महिलाओं के लिए ये विटामिन



गर्भावस्था महिलाओं के लिए कई तरह के बदलाव लेकर आती है, जो उनके स्वास्थ्य को काफी प्रभावित कर सकती है। इस दौरान महिलाओं को आयरन की कमी, एनीमिया और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। अगर पहले से ही कोई गंभीर हृदय रोग, मधुमेह या दिमाग से जुड़ी बीमारी है, तो ये जोखिम और बढ़ जाते हैं। साथ ही, स्वस्थ माताएं स्वस्थ बच्चों को पालने में अहम भूमिका निभाती हैं, जो परिवार की खुशहाली और समाज के समग्र विकास में योगदान देता है। पटियाला की मणिपाल अस्पताल की वरिष्ठ सलाहकार – प्रसूति एवं स्त्री रोग डॉ. गोल्डी कंबोज जानकारी देते हुए कहती हैं, कि यह समझना जरूरी है कि जरूरी विटामिन लेने से शरीर ठीक से काम करता है और आप पूरे तौर पर स्वस्थ रहती हैं। नियमित रूप से विटामिन लेने से शरीर में पोषण की कमी को दूर रखने में मदद मिलती है, जिससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। स्वस्थ आंखों, त्वचा और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए विटामिन ए जरूरी है। यह हड्डियों के विकास और प्रजनन में भी भूमिका निभाता है। विटामिन ए से भरपूर आहार में लिवर, शकरकंद, गाजर, पालक और ब्रोकली शामिल हैं। मजबूत हड्डियों और दांतों के लिए विटामिन बी जरूरी है, क्योंकि यह शरीर को कैल्शियम सोखने में मदद करता है। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी भूमिका निभाता है।

# कैंसर होने के बाद स्वस्थ जीवन जीने के लिए अपनाएं ये टिप्स

*सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की एक रिपोर्ट के अनुसार कैंसर का पता यदि मरीज में समय रहते चल जाए, तो इसका इलाज भी संभव है। कई लोग इलाज में सफल हो भी जाते हैं। लेकिन कैंसर के मरीजों को इलाज के बाद भी खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। यदि कैंसर होने के बाद मेडिकेशन के साथ रोगी के खानपान और लाइफस्टाइल पर ध्यान न दें, तो शरीर कमजोर हो जाता है। इससे दूसरे बीमारियों के होने का खतरा और भी बढ़ जाता है। तो आइए जानते हैं कि कैंसर होने के बाद मरीजों को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।*



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**नियमित रूप से एक्सरसाइज करें**

आजकल की भागदौड़ वाली जिंदगी में एक्सरसाइज के लिए वक्त निकाल पाना मुश्किल है। लेकिन, रोजाना एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी है, खासतौर पर कैंसर के इलाज से रिकवर हुए व्यक्तियों के लिए भी। एक्सरसाइज करने से आप फिट रहेंगे और बीमारी आपसे कोसो दूर भागेगी। आप अपने डॉक्टर से इस बारे में सलाह ले सकते हैं कि आपको कौन.कौन से एक्सरसाइज करने की जरूरत है।

**पौष्टिक आहार का सेवन करें**



कैंसर के मरीज और कैंसर का इलाज करवा चुके लोगों को अपने खानपान का विशेष ध्यान देना चाहिए। पौष्टिक आहार और संतुलित वजन बनाए रखने के लिए फल और हरी सब्जियों को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। डाइट में हाई एंटीऑक्सीडेंट रिच फूड शामिल करें। अगर आप नॉन–वेजिटेरियन हैं, तो रेड मीट की बजाए चिकन और फिश का सेवन करें।

**पैसिव स्मोकिंग से भी बचें**

कैंसर होने के बाद आपको स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए और अधिकतर मरीज इस बात का ध्यान रखते भी हैं। लेकिन कई बार वो खुद स्मोकिंग न कर के पैसिव स्मोकिंग के शिकार हो जाते हैं। इसलिए आप धूम्रपान करते हुए व्यक्ति से दूर रहें। अगर आप सामने खड़े रहेंगे तो भी उसका उतना ही बुरा प्रभाव पड़ेगा जितना कि स्मोकिंग करने से पड़ता है।

**अल्कोहल का सेवन न करें**

अधिकतम अल्कोहल के सेवन से कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। अनेक शोध और अध्ययनों में भी यह पाया गया है कि अधिकतम अल्कोहल का सेवन करने से कई प्रकार के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है, जिनमें शामिल हैं, ओरल कैंसर, फेफड़ों का कैंसर और पेट का कैंसर आदि।

**साइकोलॉजिकल हेल्प है जरूरी**

गंभीर बीमारियों का सामना करते समय पीड़ितों को साइकोलॉजिकल हेल्प से फायदा पहुंचता है। साइकोथेरेपी के दौरान एक्सपर्ट्स मरीज की चिंताओं को सुनते और उन्हें इनसे निपटने और दिमाग को शांत रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा एक्सपर्ट कहते हैं कि अगर पीड़ित नौकरी या बिजनेस करता है, तो उसे अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या को चालू रखना चाहिए।



**गुजरात की कप्तानी करेंगे शुभमन**

शुभमन गिल आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस की कमान संभालते हुए नजर आएंगे। हार्दिक पांड्या के मुंबई इंडियंस लौटने के बाद गुजरात ने इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन के लिए टीम की बागडोर गिल के हाथों में सौंपी है। गुजरात की ओर से खेलते हुए पिछले दो सीजन में भारतीय सलामी बल्लेबाज का प्रदर्शन दमदार रहा है। ऐसे में इस सीजन भी गिल टी–20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले बल्ले से धमाकेदार प्रदर्शन जरूर करना चाहेंगे।

## सिक्स पैक एब्स चमकाते नजर आए शुभमन गिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। शुभमन गिल की गिनती भारतीय क्रिकेट टीम के सबसे डैशिंग क्रिकेटर्स में की जाती है। गिल अपने लुक्स और शानदार फिजीक से आए दिन सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। एकबार फिर भारतीय युवा बैटर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई हैं। तस्वीरों में गिल अपने एब्स चमकाते हुए नजर आ रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में बल्ले से धमाल मचाने के ठीक बाद शुभमन गिल हॉलिडे पर निकल पड़े हैं। गिल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो तस्वीर शेयर की हैं, जिसमें वह अपने एब्स दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, फोटोज में गिल ने टॉवल लपेट रखा है और उन्होंने अपने सिर पर एक कैप पहन रखी है। तस्वीरों में गिल की शानदार बॉडी निखरकर सामने आ रही है। शुभमन गिल के लिए इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज बल्ले से यादगार रही। गिल ने पांच मैचों की कुल 9 पारियों में 56.50 की औसत से 452 रन कूटे। इस दौरान गिल के बल्ले से तीन शतक निकले। धर्मशाला में खेले गए आखिरी टेस्ट मैच में गिल ने 110 रन की धांसू पारी खेली।

# धोनी संन्यास लें तो रोहित सीएसके की कर सकते हैं कप्तानी

**क्रिकेट**

## धोनी और रोहित से आईपीएल में धमाल मचाने की उम्मीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां संस्करण 22 मार्च से शुरू होगा। गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स दोनों के लिए खेल चुके दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने आगामी टूर्नामेंट के लिए अपनी राय प्रकट की है। रायुडू ने सीएसके टीम के साथ 2023 खिताब जीतने के बाद आईपीएल से संन्यास लिया था। उन्होंने मुंबई इंडियंस में कप्तानी में हुए बदलाव को लेकर अपनी राय रखी।

पता हो कि मुंबई इंडियंस ने आगामी टूर्नामेंट के लिए रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या को कप्तानी सौंपी है। रायुडू का मानना है कि हार्दिक पांड्या के लिए मुंबई इंडियंस की कप्तानी करना मुश्किल होगा क्योंकि गुजरात टाइटंस और पलटन का माहौल अलग–अलग है। रायुडू का मानना है कि हार्दिक पांड्या को एक साल मुंबई के लिए खेलना चाहिए था और फिर कप्तानी करनी थी। ऐसा इसलिए क्योंकि रोहित अब भी भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हैं।



रोहित शर्मा अगर चाहे तो अगले 5–6 साल तक आईपीएल खेल सकते हैं। अगर वो कप्तान बनना चाहते हैं तो पूरी दुनिया उनके लिए खुली हुई है। वो जहां चाहे, वहां कप्तानी कर सकते हैं। मैं चाहता हूं कि रोहित शर्मा 2025 में चेन्नई सुपरकिंग्स की कप्तानी करें। अगर एमएस धोनी संन्यास लें तो रोहित शर्मा सीएसके की कप्तानी कर सकते हैं।

बता दें कि रोहित शर्मा आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में चौथे स्थान पर काबिज हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 243 मैचों में 6211 रन बनाए। मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत गुजरात टाइटंस के खिलाफ 24 मार्च को करनी है।

# कैरी के साथ हो गया खेला, चौका मारकर मैच जिता गए कप्तान पैट कमिंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

क्राइस्टचर्च। विकेटकीपर एलेक्स कैरी के नाबाद 98 रन और मिचेल मार्श के साथ 140 रन की साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराकर सीरीज 2–0 से जीत ली। मिचेल मार्श के आउट होने के समय ऑस्ट्रेलिया को 59 रन की जरूरत थी और उसके चार विकेट हाथ में थे। मिचेल स्टार्क अगली गेंद पर आउट हुए तब उसके पास तीन ही विकेट बचे थे। एलेक्स कैरी ने हालांकि नाबाद 32 रन बनाने वाले कप्तान पैट कमिंस के साथ 61 रन की नॉट आउट साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। मैच में एलेक्सी कैरी आसानी से अपना शतक पूरा कर सकते थे, लेकिन दूसरे छोर पर

■न्यूजीलैंड ने गंवाया सुनहरा मौका

मौजूद कप्तान पैट कमिंस ने कीवी पेसर बेन सियर्स के खिलाफ चौका लगाकर ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से रोमांचक जीत दिला दी। मैच के बाद कमिंस ने स्वीकार किया कि उन्हें कैरी के शतक के बारे में पता नहीं था। वरना वह कभी बाउंड्री नहीं लगाते।

मैच में चौथे दिन कोई भी टीम जीत सकती थी, लेकिन मार्श की 80 रन की पारी और कैरी के साथ उनकी साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने बाजी मारी, उन्होंने 281 रन का लक्ष्य सात विकेट खोकर हासिल किया जो चौथी पारी में बल्लेबाजी करते हुए 14वां सबसे बड़ा लक्ष्य था। वहीं न्यूजीलैंड टीम अपनी सरजमीं पर 31 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट हराने से चूक गई। ऑस्ट्रेलिया पर पिछली टेस्ट जीत उसने 13 साल पहले होबार्ट में दर्ज की थी। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 162 रन पर आउट करने के बाद पहली पारी में 256 रन बनाकर 94 रन की बढत ली थी। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 372 रन बनाए थे, जिससे उसकी बढत 279 रन की रही और ऑस्ट्रेलिया को 280 रन का लक्ष्य मिला।

न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज में 2–0 से हराकर ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया को इस जीत से 12 अंक मिले। अब 12 मैच के बाद उसके प्रतिशत अंक 59.09 से बढ़कर 62 .50 हो गए हैं।

## यश ठाकुर को आदर्श मानकर की विकेटकीपिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उनके संघर्षों से लेकर मंजिल हासिल करने तक की कहानी पूरी दुनिया जानती है, जिन्होंने छोटे मैदान से अपने करियर की शुरुआत की और मन में फुटबॉलर बनने की चाहत लिए कैसे माही क्रिकेटर बन गए इसने हर शख्स का दिल जीत लिया। धोनी की तरह बनने का सपना आज भी गली–मोहल्ले से लेकर कई क्रिकेटर्स देखते हैं। कुछ उन्हें अपना गुरू मानते हैं तो कुछ उनके टिप्स को पूरा करते हुए महफिल लूटते हुए नजर आते है। हाल ही में रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल मैच में कुछ ऐसा ही देखने को मिला, जहां धोनी को अपना गुरु मानने वाला स्टार गेंदबाज घातक गेंदबाजी कर खूब छा गया है। ये गेंदबाज विदर्भ टीम का है, जिनका नाम यश ठाकुर हैं। विदर्भ टीम की तरफ से रणजी ट्रॉफी के फाइनल में स्टार गेंदबाज यश ठाकुर ने घातक गेंदबाजी करते हुए मुंबई टीम की बैंड बजाई।

## न्यूज डायरी



## जीती स्नो मैराथन, सेना के जवान शाबीर हुसैन को सलाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मनाली। कहते हैं जहां मुश्किलें बड़ी होती हैं, वहीं हमारे इंडियन आर्मी के जवान खड़े होते हैं। अब हिमाचल टूरिज्म की ओर से मनाली के जना में आयोजित स्नो मैराथन–3 को ही ले लीजिए। इस टूर्नामेंट में देश–विदेश से आए 200 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। हाईएस्ट एल्टीट्यूड में आयोजित होने वाला एशिया का यह इकलौता मैराथन है। भारतीय सेना के जांबाज शाबीर हुसैन ने तीसरी स्नो मैराथन की चौंपियनशिप अपने नाम की। लद्दाख स्काउट्स में तैनात शाबीर हुसैन मैराथन 42 किलोमीटर की फुल मैराथन की रेस को 3 घंटे 58 मिनट में पूरी की। महिलाओं के वर्ग में मनाली की तेनजिन डोल्मा ने 4 चार घंटे 35 मिनट में अपनी रेस पूरी कर जीत हासिल की। पिछले दो साल से यह मैराथन लाहौल के सिस्सू में आयोजित हो रहा था, लेकिन खराब मौसम और अचानक भारी बर्फबारी की वजह से इस बार यह मैराथन मनाली के जना में आयोजित किया करना पड़ा। इसके बाद भी धावकों बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस मैराथन बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने भी अपना दमखम दिया। भारत के अलावा रूस, अमेरिका, यूके और श्रीलंका के धावकों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज की। एक घंटे 29 मिनट में भारतीय सेना के सेवांग नांगदन ने हाफ मैराथन जीती। वहीं, महिला वर्ग में 2 घंटे 45 मिनट के समय में हेमलता ने यह खिताब अपने नाम किया।

## जॉन सीना नंगे होकर ऑस्कर अवॉर्ड में पहुंचे, विवादों से रहा है गहरा नाता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अमेरिका। अमेरिकी अभिनेता और प्रोफेशनल रेसलर जॉन सीना उस वक्त सुर्खियों में आ गए, जब पुअर थिंग्स के लिए सर्वश्रेष्ठ पोशाक डिजाइन का ऑस्कर अवॉर्ड देने के लिए नंगे ही मंच पर पहुं गए। डॉल्बी थिएटर में हुई इस घटना से दर्शक और दुनिया भर के लोग आश्चर्यचकित रह गए। सेरिमनी में होस्ट जिम्मी किमेल ने कहा– क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि आज एक नग्न आदमी मंच पर आ जाए? क्या यह पागलपन नहीं होगा? इस पर सीना अपने प्राइवेट पार्ट पर तख्ती लगाए मंच पर पहुंचते हैं और यहीं उन्हें कपड़े पहनाए जाते हैं। अवॉर्ड के मेजबानों को जरूर यह क्रिएटिव लगा होगा, लेकिन अब दुनियाभर में जॉन सीना को ट्रोल किया जा रहा है। जॉन सीना अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी पर्सनल रहते हैं। बावजूद इसके वह लगातार चर्चाओं में रहे। जॉन सीना की पहली शादी की 2009 में बचपन की गर्लफ्रेंड और रियल एस्टेट एजेंट एलिजाबेथ से हुई, लेकिन 2012 में तलाक हो गया। उनकी एक्स वाइफ ने खुलासा किया कि उनके तलाक के पीछे का कारण यह था कि जॉन सीना उन्हें धोखा दे रहे थे।

## रहाणे और श्रेयस अय्यर के सपोर्ट में उतरे शार्दुल ठाकुर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी 2024 में बल्ले से जमकर धमाल मचा रहे शार्दुल ठाकुर अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर के सपोर्ट में उतरे हैं। लॉर्ड शार्दुल का कहना है कि यह दोनों दिग्गज खिलाड़ी इन दिनों खराब दौर से गुजर रहे हैं, ऐसे में इनकी आलोचना करने की बजाय उन्हें सपोर्ट किया जाना चाहिए। विदर्भ के खिलाफ खेले जा रहे फाइनल मुकाबले में शार्दुल ने महज 37 गेंदों पर शतक ठोका। शार्दुल ठाकुर ने विदर्भ के खिलाफ 69 गेंदों पर 75 रन की दमदार पारी खेलने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बातचीत करते हुए अय्यर–रहाणे का सपोर्ट किया। उन्होंने कहा, "अजिंक्य इस पूरे सीजन में रन बनाने में नाकाम रहे हैं। वह इस समय अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। हम उनको कसूरवार नहीं ठहरा सकते, क्योंकि यह सिर्फ एक फेज है, जिसमें वह रन नहीं बना पा रहे हैं। यह उनके लिए एक मुश्किल समय है। शार्दुल ने श्रेयस अय्यर का भी सपोर्ट किया। उन्होंने कहा, "इसी वजह से मैं अजिंक्य और श्रेयस अय्यर के लिए यह बात कहना चाहता हूं। यह दोनों ही बहुत बड़े मैच विनर हैं और इन्होंने मुंबई और भारत को कई मैचों में जीत दिलाई है। इस समय उनको समय नहीं चल रहा है। इस वक्त उनकी आलोचना नहीं, बल्कि उन्हें सपोर्ट करने की जरूरत है,क्योंकि आलोचना करना आसान होता है। अजिंक्य रहाणे के लिए रणजी ट्रॉफी 2024 का सीजन किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा है। कप्तानी में तो रहाणे तारीफ लूटने में सफल रहे हैं, लेकिन बल्लेबाजी में उनका प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है।

पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

देहरादून, मंगलवार, 12 मार्च 2024



मुख्यमंत्री ने की सीएम हेल्पलाईन 1905 की समीक्षा।



## संक्षिप्त समाचार

### यूकेडी डेमोक्रेटिक ने पांचों प्रत्याशी घोषित किए

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल डेमोक्रेटिक ने राज्य की पांचों लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। अल्मोड़ा और हरिद्वार सीट से दल ने महिला प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। सोमवार को यूकेडी डेमोक्रेटिक के मियांवाला स्थित केंद्रीय कार्यालय में प्रदश कार्यकारिणी की बैठक हुई। पार्टी पदाधिकारियों ने लोकसभा चुनाव के लिए पांचों सीट पर दावेदारों को लेकर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रत्याशी घोषित किए। दल के केंद्रीय अध्यक्ष बलवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि यूकेडी डेमोक्रेटिक ने अल्मोड़ा से अधिवक्ता द्रोपदी वर्मा, नैनीताल से राजकिशोर रावत, पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट से रोहित डंडरियाल, टिहरी सीट से मनीष रावत, हरिद्वार से अधिवक्ता संगीता बंसल को चुनाव मैदान में उतारा है।

### मसूरी के 13 बूथ पर वोट प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

**संवाददाता** देहरादून। एसडीएम मसूरी डॉ. मनीष सैनी ने लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ के साथ बैठक की। साथ ही विभिन्न संस्थाओं के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि मसूरी में 19 ऐसे बूथ हैं, जिसमें पिछले लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत 50 फीसदी से कम रहा था। इन बूथ पर विशेष फोकस किया जा रहा है। सोमवार को एसडीएम सभागार में आयोजित बीएलओ की बैठक में एसडीएम ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव के लिए अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

### नेहरुग्राम में नवचेतना समिति ने किया महिलाओं का सम्मान

**संवाददाता** देहरादून। नवचेतना समिति ने नेहरुग्राम में महिला दिवस के मौके पर महिलाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर हुई गोष्ठी में महिलाओं की स्थिति व अधिकारों को लेकर चर्चा की गई। महिलाओं की पोशाक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। नेहरूग्राम में समिति कार्यालय में हुई बैठक में पुष्पा गुरुंग, आशा सुंदरियाल, सरस्वती भोसाल, कांता भट्ट, रंजिता राणा, ज्योति भट्ट को स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया।

### उत्तराखण्ड में लार्ड ईको इन होटल की शुरूआत

**संवाददाता** देहरादून। देश की प्रसिद्ध होटल चेन लार्डस ईको इन ने उत्तराखण्ड में भी कदम रख लिया है। सोमवार को उत्ध्तराखण्ध्ड में लार्ड ईको इन होटल की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर लॉईस होटेल्स एण्ड रेसॉर्टस के उपाध्यक्ष विकास सूरी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लॉईस होटेल्स एण्ड रेसॉर्टस की ओर से दून केसल होटल के के साथ साजीदारी की गयी है । जो कि हम इस कड़ी में पहला होटल उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से शुरू करने जा रहे है होटल बेहतरीन सुविधाएँ सर्वोतम दरों में प्रदान करेगा ।

# खेल में उत्तराखंड का नाम रोशन करने वाले युवा होंगे प्रोत्साहित: सीएम

**नियुक्ति पत्र**

■ मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के अन्तर्गत चयनित 84 अभ्यर्थियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्य सेवक सदन में खेल नीति–2021 के अंतर्गत विभिन्न पदों पर चयनित राज्य के 31 विशिष्ट खिलाड़ियों को खेल विभाग, गृह विभाग, युवा कल्याण एवं वन विभाग में आउट ऑफ टर्न सेवायोजन, परिवहन विभाग में 25 कनिष्ठ सहायकों तथा उद्यान विभाग में 28 सहायक लेखाकारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इस प्रकार कुल 84 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र वितरित किये।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सभी अभ्यर्थियों को बधाई एंव शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आपने यह सफलता कड़ी मेहनत व परिश्रम से हासिल की है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्व का संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और



जवाबदेही के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि आप जितनी ईमानदारी, लगन और मेहनत से काम करेंगे, आपके आगे की राह उतनी ही सुगम और सरल होगी।

मुख्यमंत्री ने खेल नीति 2021 का उल्लेख करते हुये कहा कि इसके तहत हमने अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी देने का जो वादा किया था, उसे हम आज धरातल पर उतरते हुए देख रहे हैं। उन्होने कहा कि हमने तय किया है कि जो भी युवा खेल की दुनिया में उत्तराखंड का नाम रोशन करेंगे, उन्हें प्रोत्साहित किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों के साथ ही खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग करने के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित करके, खिलाड़ियों का मनोबल निरन्तर बढ़ा रही है। उन्होंने आउट ऑफ टर्न नियुक्त प्रक्रिया का जिक्र करते हुये कहा कि यह प्रक्रिया सभी अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय पदक विजेताओं के लिए संजीवनी का कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यान, परिवहन विभाग की तरह ही विगत माहों में प्रतिदिन युवाओं को विभिन्न विभागों के अन्तर्गत नियुक्ति पत्र देने का सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि हमने संकल्प लिया है कि देवभूमि के मेहनती युवाओं को हर हाल में पूरी पारदर्शिता के साथ रोजगार उपलब्ध कराएंगे। इस संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में हम कामयाब हुये हैं तथा नकल माफियाओं को नकल विरोधी सख्त कानून बनाकर सलाखों के पीछे भेजा है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का उल्लेख करते हुये कहा कि उनके नेतृत्व में देश में रोजगार के अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध हो रहे हैं तथा रोजगार देने का इतना बड़ा अभियान आज तक देश के इतिहास में नहीं चलाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमने युवाओं को सरकारी क्षेत्र में रोजगार देने के साथ–साथ स्वरोजगार के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है।

कार्यक्रम को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी तथा रेखा आर्य ने भी सम्बोधित करते हुये, सरकार की उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा चयनित अभ्यर्थियों को बधाई व शुभकामनायें दी।

### स्वरोजगार के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते है युवा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रयाग पोर्टल और युवा उत्तराखंड एप लांच किया है, जिसमें युवा रोजगार के साथ ही स्वरोजगार के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इसके साथ ही होम स्टे, मौन पालन के साथ ही अन्य क्षेत्रों में युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। विकल्प रहित संकल्प के मंत्र के साथ हम उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं तथा आप लोगों को नियुक्ति पत्र देना भी हमारे संकल्प का हिस्सा है।

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करें

**जनसुनवाई**

■ अतिक्रमण की शिकायतों पर सम्बन्धित तहसीलदारों की जिम्मेदारी तय की जाएगी: डीएम

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार को जनसुनवाई में 90 शिकायत प्राप्त हुई। अधिकतर शिकायत भूमि सम्बन्धित प्राप्त हुई, इसके अतिरिक्त आपसी विवाद, अतिक्रमण, पुश्ता निर्माण, सड़क पर गंदा पानी बहने, प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास दिलाने, आदि शिकायत प्राप्त हुई।



जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में शेरपुर में अतिक्रमण की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार विकासनगर को कार्यवाई के निर्देश दिए। साथ ही समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करें, अतिक्रमण की शिकायतों पर सम्बन्धित तहसीलदारों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

जनसुनवाई में ईस्टहोपटाउन ग्राम पंचायत ठाकुरपुर में चायबाग वसुन्धरा कालोनी में सौर लाईट लगवाने के आवेदन पर जिलाधिकारी ने उरेडा के अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। मौजा खुशहालपुर मस्जिद रोड माजरा में काश्त की भूमि पर अवैध कब्जा होने, ब्राह्मणवाला मौजा शीशमबाड़ा रामगढ में शिकायतकर्ता द्वारा वर्ष 2019 में क्रय की गई भूमि अवैध अतिक्रमण करने आदि शिकातय पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए। सैनिक कालोनी रायपुर खादर में नगर निगम की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतों पर अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम को जांच कर कार्यवाही करने तथा पुश्ता निर्माण कराने सम्बन्धी आवेदन पर सिंचाई विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए।

### शहर की समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन भेजा

**संवाददाता** देहरादून। टेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन ने मसूरी की समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कहा कि नगर पालिका का कार्यकाल पूरा होने के बाद मसूरी में समस्याएं बढ़ गई हैं। अफसर समस्याओं के निस्तारण पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। एसोसिएशन ने कहा कि पिछले वर्ष किताबघर बस अड्डे से रोपवे प्रोजेक्ट के लिये 6 दुकानदारों को खाली करवाया गया लेकिन आठ माह बीतने पर भी उन्हें विस्थापित नहीं किया गया। पालिका ने जो एंबुलेंस खरीदी उसका संचालन नहीं किया जा रहा है। नगर पालिका के 113 लोगों का म्यूटेशन लटका हुआ है। नगर पालिका द्वारा संचालित बस सेवा पूर्व की भांति हैप्पी वैली तक चलाई जाय ताकि स्कूलों के स्थानीय नागरिकों व बच्चों को इसका लाभ मिल सके। नगर पालिका की पिछली बोर्ड में कई मार्गों के निर्माण की स्वीकृति दी गयी जिन्हें तत्काल शुरू कराया जाय।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।